# वीयू– शैक्षणिक, अनुसंधान अनुबंध को सुदृढ़ करने हेतु रुस विश्वविद्यालय के रिक्टर का संस्कारधानी आगमन



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में आज दिनांक 25 अप्रैल 2025 को रुस की सेंट पीटर्सवर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेरिनरी मेडिसिन से यूनिवर्सिटी रेक्टर श्री क्रिल प्लानिआसो एवं वाइस रेक्टर श्री जार्ज निकिटन का आगमन हुआ, जिनका स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा जी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया, इस दौरान माननीय कुलपति जी ने कहा कि इससे ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से छात्रों, वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों के मध्य तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान का आदान प्रदान होता है साथ वैश्विक स्तर पर व्याप्त समस्याओं का निराकरण करने में मदद मिलती है, रुस से आए हुए यूनिवर्सिटी रेक्टर श्री क्रिल ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलनों से न सिर्फ अंतर्देशीय संबंध मजबूत होते हैं, बल्कि छात्रों एवं वैज्ञानिकों को वन्यजीव एवं उनसे संबद्ध पर्यावरणीय कारकों को समझने एवं उन पर अपने विचार अभिव्यक्त करने का समुचित अवसर भी प्रदान करता है। गौरतलब है कि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का सेंट पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय के साथ 2023 में अनुबंध किया गया था इसके बाद यह पहला अवसर है जब दोनों देश आपस में किसी वैज्ञानिक कार्यक्रम में सहभागिता निभा रहे हैं सेंट पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय के रिक्टर श्री क्रिल एवं वाइस सेक्टर श्री निकिटन एवं श्री इवान विश्वविद्यालय अंतर्गत वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में चल रहे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने संस्कारधानी आए हुए हैं। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के तकनीकी सत्रों को सुनने के बाद उन्होंने इस विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे वन्य जीवन संरक्षण, उनके उपचार आदि शोध पत्रों पर काफी रुचि दिखाई और उन्हें अच्छा बताया बताते हुए इसी प्रकार भविष्य में भी की जाने वाली सम्मेलनों में दोनों ही देश भागीदारी करें



ऐसी इच्छा जाहिर की। माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी ने इस सहयोगात्मक संबंध को मजबूत और सुदृढ़ बनाने हेतु कहा कि दोनों देशों द्वारा किए गए स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम, सहयोगात्मक शोध सहयोगात्मक प्रकाशन, सम्मेलन प्रशिक्षण कार्यक्रम, फैकेल्टी डेवलपमेंट के उद्देश्य से किए गए अनुबंध को मजबूती प्रदान करते हुए दोनों देशों के शिक्षा आदान–प्रदान, पशु उपचार, पशु उत्पाद आदि तथा पशुपालकों के हितार्थ कार्य करने के उद्देश्य को परिपक्व किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस.एस.तोमर, वित्त नियंत्रक, श्री महेश कोरी, डॉ. जी.पी लखानी, डॉ. शशिकांत महाजन, डॉ. अपरा शाही, डॉ. एस. घोष, डॉ. आर.वी. सिंह, डॉ. एस.एस. करमोरे, डॉ. बी. राय, डॉ. अक्षय गर्ग, डॉ. आर.पी. सिंह, डॉ. रामकिंकर मिश्रा, डॉ. प्रमोद शर्मा एवं सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर सोना दुबे की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अक्षय गर्ग द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर